नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय गोकुल मिशन पशुपालन एवम डेयरी विभाग मध्य प्रदेश के तत्वाधान में गुना जिले में दो दिवसीय पशु बांझपन निवारण शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के अभिप्रेरणा एवं मागदर्शन एवं पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विशाल पशु बांझपन निवारण शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन जिला गुना के कुंभराज एवं मियाना में किया गया। संगोष्ठी की शुरुआत गौ माता का पूजन के साथ की गई, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिविर के समन्वयक डॉक्टर नितिन कुमार बजाज मादा पशु चिकित्सक पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर, इस कार्यक्रम की रूपरेखा एवं पशु बांझपन निवारण शिविर की जानकारी के बारे मे एवं पशुओं के बांझपन एवं उनके निवारण के बारे में विस्तृत बताया, तत्पश्चात् डॉ. देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने पशुओं में होने वाले थनैला, रोग लंपी स्किन रोग, टीकाकरण एवं उपचार के बारे में जानकारी दी। डॉ. रणवीर जाटव ने पशुओं के रख–रखाव एवं आहार प्रबंधन पोषण एवं पशुओ से होने वाले रेबीज जैसे भयानक रोगो के टीकाकरण के बारे अवगत कराया। डॉ. आर.के त्यागी उप संचालक मध्यप्रदेश एवु डेयरी विभाग गुना ने शासकीय योजनाओं के बारे में एवं युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने के लिये सुझाव दियें।

इस संगोष्ठी एवं पशु बांझपन शिविर में लगभन 507 पशुपालकों ने भाग लिया एवं 225 पशुओं की जांच की गई इस शिविर में 71 पशुओं की गर्भाधारण, थनैला रोग, पुनः प्रजनन की जांच से लेकर पशुओं की सोनोग्राफी की गई एवं लंपी रोग अन्य रोगों के निवारण साथ पेट के कीड़े मारने की दवाईयों एवं खनिज लवण मिश्रण कैल्सियम का वितरण एवं पशुओं का उपचार किया गया। इस शिविर में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक कार्यालय गुना के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष सोनी, डॉ.

मुकेश कटारे, डॉ. महेन्द्र सिंह, डॉ. राहुल मीना, डॉ. कुलदीप कोठारी, डॉ.रूपेश चौरसिया, डॉ. सी.. एल.बावर,

उपस्थित रहें वि.वि. के प्रसार शिक्षा विभाग के श्री देवेश उपाध्याय साथ ही पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के पी जी छात्र डॉ.तनवीर सिंह एवं का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. जी.एन.शर्मा द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपर